# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# मई , 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी मई, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 May, 2026

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026–

30 अप्रैल, 2026 को अन्तरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन 'रिपोटर्स विदाउट बॉर्डर्स' (RSF) द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 जारी किया गया।

सूचकांक के 25 वर्षों के इतिहास में पहली बार दुनिया के आधे से अधिक देशों में प्रेस की स्वतंत्रता 'कठिन' या 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुँच गई है। वर्ष 2025 की तुलना में 60% से अधिक (110 देशों) का स्कोर बिगड़ा है।

**सूचकांक में शीर्षस्थ 10 देश**

| रैंक | देश | स्कोर | रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नॉर्वे | 92.72 | 6 | फिनलैण्ड | 86.22 |
| 2 | नीदरलैण्ड | 88.92 | 7 | आयरलैण्ड | 85.93 |
| 3 | एस्टोनिया | 88.54 | 8 | स्विट्जरलैण्ड | 84.83 |
| 4 | डेनमार्क | 87.47 | 9 | लक्जमबर्ग | 84.14 |
| 5 | स्वीडन | 87.61 | 10 | पुर्तगाल | 83.71 |

**निम्नतम 5 देश (सबसे खराब स्थिति)**

- 180वाँ (अंतिम स्थान)–इरिट्रिया (स्कोर : 10.24)
- 179वाँ स्थान–उत्तर कोरिया
- 178वाँ स्थान–चीन
- 177वाँ स्थान–ईरान
- 176वाँ स्थान–सऊदी अरब

**सूचकांक में भारत की स्थिति**

- **वर्तमान रैंकिंग (2026)–**भारत 180 देशों में 157वें स्थान पर है।
- **रैंकिंग में गिरावट–**यह वर्ष 2025 की रैंकिंग (151वें स्थान) से 6 स्थान नीचे खिसक गया है।
- **भारत का स्कोर–**100 में से 31.96 रहा।
- **श्रेणी–**इस स्कोर के आधार पर भारत को प्रेस स्वतंत्रता की 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में रखा गया है।

### स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'महेन्द्रगिरी' (यार्ड 12654) नौसेना को सुपुर्द किया–

30 अप्रैल, 2026 को नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए/P17A) का छठा उन्नत स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'महेन्द्रगिरी' भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

इसे मुंबई स्थित मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने बनाया है। इस श्रेणी के प्रथम जहाज (INS नीलगिरी) की डिलीवरी के मात्र 17 महीने के भीतर इसकी रिकॉर्ड सुपुर्दगी की गई है।

- नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो (WDB) द्वारा डिजाइन इस युद्धपोत के निर्माण में लगभग 75% स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- ओडिशा राज्य में स्थित पूर्वी घाट की दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी 'महेन्द्रगिरि' के नाम पर इसका नामकरण हुआ है।
- रडार-अवशोषक कोटिंग से लैस, जिससे यह दुश्मन के रडार की पकड़ में नही आता। इसमें संयुक्त डीजल या गैस प्रोपल्शन प्लांट लगा है।

### लघु दूरी की जहाज-रोधी मिसाइल (NASM-SR) का पहला 'सैल्वो लॉन्च' किया–

29 अप्रैल, 2026 को DRDO और भारतीय नौसेना ने लघु दूरी की नोसैनिक जहाज-रोधी मिसाइल (NASM-SR) का पहला सफल 'सैल्वो लॉन्च' पूरा किया।

इसका सफल परीक्षण बंगाल की खाड़ी में चांदीपुर (ओडिशा) तट से एक नौसैनिक हेलीकॉप्टर प्लेटफॉर्म द्वारा किया गया।

यह भारत की पहली स्वदेशी 'वायु-प्रक्षेपित जहाज-रोधी मिसाइल प्रणाली' है।

## Newspaper of 2 May, 2026

### देश का पहला बैरियर फ्री टोल गुजरात में शुरू हुआ; इससे जाम घटेगा, ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण भी कम होगा–

भारत का पहला बिना बैरियर वाला टोल प्लाजा अब मुंबई-दिल्ली नेशनल हाइवे (NH-48) पर सूरत के पास चौर्यासी में शुरू हो गया है। अब गाड़ियाँ रुके बिना टोल प्लाजा से गुजर सकेंगी। टोल प्लाजा पर 2 फरवरी, 2026 से नई सुविधा का ट्रायल किया जा रहा था।

बैरियर-फ्री टोल प्लाजा के नीचे से गुजरते पर टोल अपने आप कट जाएगा। नई सुविधा में टोल चार्ज ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके अपने आप कट जाएंगे। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे गाड़ियों

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

की नंबर प्लेट स्कैन करेंगे। इसके बाद फास्टैग से जुड़ा अमाउंट सीधे डेबिट हो जाएगा। इस नए सिस्टम से यात्रा का समय कम होगा, जाम घटेगा और ईंधन की बचत भी होगी। इसके साथ ही गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा। इसके साथ ही जितनी दूरी तय करेंगे उतना ही टोल लगेगा।

- **अप्रैल, 2026 में जीएसटी कलेक्शन 8.7 प्रतिशत बढ़कर ₹ 2.43 करोड़ रहा–**

भारत सरकार का अप्रैल, 2026 में जीएसटी कलेक्शन 8.7% बढ़कर रिकॉर्ड ₹2.43 लाख करोड़ रहा। इससे पहले अप्रैल, 2025 में यह सर्वाधिक रिकॉर्ड ₹2.23 लाख करोड़ था। यूपीआइ लेनदेन की संख्या अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर 25% बढ़कर 22.35 अरब हो गई है। तथा इसकी वैल्यू सालाना आधार पर 21% बढ़कर 29.03 लाख करोड़ रुपए हो गई है। अप्रैल, 2026 में प्रमुख राज्यवार जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ें–

| राज्य | अनुमानित कलेक्शन ( करोड़ ₹में ) |
|---|---|
| गुजरात | 15620 |
| तमिलनाडु | 13850 |
| उत्तर प्रदेश | 12900 |
| हरियाणा | 8750 |
| दिल्ली | 8200 |
| तेलंगाना | 7950 |
| राजस्थान | 5468 |
| मध्यप्रदेश | 4648 |
| छत्तीसगढ़ | 3134 |

- **क्यूएस रैंकिंग 2026 में IIM बेंगलुरू दुनिया में 52वें स्थान पर; टॉप ग्लोबल संस्थानों में अमेरिका का दबदबा–**

वर्ल्ड रैंकिंग में तीन भारतीय संस्थानों ने टॉप-100 में जगह बनाई है। इनमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM), बेंगलुरु 52वें स्थान पर रहा, जबकि अहमदाबाद 58वें और कोलकाता 64वें स्थान पर रहे। देश के लिहाज से बेंगलुरू ने लीडरशिप स्किल्स के मामले में अहमदाबाद को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। इस पैरामीटर में बेंगलुरू का स्कोर 69.8 रहा, जबकि अहमदाबाद का स्कोर 63.3 अंक रहा। बिजनेस प्रमोशन में लीडरशिप स्किल्स को सबसे महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

यह रैंकिंग पाँच पैरामीटर्स के आधार पर जारी की गई है। अन्य भारतीय संस्थानों ने 100 से 200 की रैंकिंग बैंड में जगह बनाई है। IIM रांची ने भी पहली बार इस रैंकिंग में जगह बनाई है।

**भारतीय संस्थानों की रैंकिंग–**

| संस्थान | 2026 | 2025 |
|---|---|---|
| IIM बेंगलुरू | 52 | 53 |
| IIM अहमदाबाद | 58 | 60 |
| IIM कलकत्ता | 64 | 65 |

**अन्य भारतीय संस्थानों की रैंक–**

- **IIM इंदौर**–151-200 रैंक बैंड
- IIM कोझिकोड-लखनऊ–201-250 रैंक बैंड
- वॉक्सन स्कूल ऑफ बिजनेस–201-250 बैंड में नई प्रविष्टि
- **IIM रांची**–201+ रैंक बैंड

**ये हैं वैश्विक स्तर पर टॉप-10 संस्थान–**

| वैश्विक बिजनेस स्कूल | रैंक |
|---|---|
| व्हार्टन स्कूल, पेनसिल्विनिया विश्वविद्यालय | 1 |
| हार्वर्ड बिजनेस स्कूल | 2 |
| एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट | 3 |
| स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस | 4 |
| एचईसी पेरिस | 5 |
| लंदन बिजनेस स्कूल | 6 |
| कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल | 7 |
| इन्सियाड | 8 |
| नॉर्थवेस्टर्न केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट | 9 |
| कोलंबिया बिजनेस स्कूल | 10 |

**इन पैरामीटर्स पर तय होती है रैंकिंग**–रैंकिंग में संस्थानों का मूल्यांकन 5 पैरामीटर्स पर होता है। इसमें प्लेसमेंट रिकॉर्ड (30%), एकेडमिक रेप्युटेशन (25%), करियर स्कोप (20%), एग्जीक्यूटिव प्रोफाइल (15%) और कोर्सेज की डायवर्सिटी (10%) शामिल है। एग्जीक्यूटिव प्रोफाइल के तहत प्रतिभागियों के कार्य अनुभव, प्रबंधकीय क्षमता और नेतृत्व स्तर का आकलन भी होता है।

- **भारतीय संरक्षणवादी बरखा सुब्बा और परवीन शेख ने 1 मई को 'व्हिटली अवॉर्ड' जीता। बरखा ने हिमालयन सैलामैंडर और परवीन ने चंबल की 'इंडियन स्किमर' पक्षी के संरक्षण के लिए यह सम्मान पाया। लंदन में दिए जाने वाले इस पुरस्कार को दुनिया भर में 'ग्रीन ऑस्कर' भी कहते हैं।**
- **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने ग्रामीण महिलाओं के लिए 'स्वयं सहायता समूह (SHG) बचत खाता' लॉन्च किया। इस जीरो-बैलेंस खाते में कोई न्यूनतम राशि रखने की मजबूरी नहीं है और इसमें दो लाख रुपए तक जमा किए जा सकते हैं।**

- **फीफा ने अफगानिस्तान की महिला फुटबॉल टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दोबारा खेलने की मंजूरी दी। 2021 से निर्वासन में रही यह टीम अब अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। सुरक्षा कारणों से इनके घरेलू मैच किसी न्यूट्रल देश में होंगे।**
- **चुनाव आयोग ने के. कविता की नई राजनीतिक पार्टी के लिए 'तेलंगाना रक्षण सेना' नाम को मंजूरी दी। पार्टी स्थानीय मुद्दों और पिछड़ा वर्ग के लिए 50% आरक्षण की मांग पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस पार्टी ने अपने नाम में पुराने 'TRS' अक्षरों को बरकरार रखा है।**
- **कर्नाटक सरकार ने गिग वर्कर्स के लिए देश का पहला डिजिटल शिकायत निवारण सिस्टम शुरू किया। इससे इन कर्मचारियों को वेतन, काम की शर्तों, विवादित समस्याओं के समाधान के लिए एक औपचारिक मंच मिलेगा।**
- **भारत और इटली ने सैन्य हार्डवेयर के सह-उत्पादन और रक्षा औद्योगिक ढांचा विकसित करने पर सहमति जताई है। यह फैसला रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के बीच हुई बैठक में लिया गया। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना 2026-27 का भी अनावरण किया, जिससे सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ेगा।**
- **हाल ही में झारखंड में रांची के 7 साल के ईशांक सिंह ने श्रीलंका से भारत के बीच 29 किलोमीटर लंबा 'पाक स्ट्रेट' तैरकर इतिहास रचा है। उन्होंने श्रीलंका के तलईमन्नार से तमिलनाडु तक के धनुषकोडी तक की यह दूरी महज 9 घंटे 50 मिनट में पूरी की। यूआरएफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उन्हें सबसे कम उम्र और सबसे तेज पाक स्ट्रेट स्विमर का खिताब दिया है।**
- **सिक्किम देश की पहली 'पेपरलेस राज्य न्यायपालिका' बनी–**

1 मई, 2026 को भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने सिक्किम की राजधानी गंगटोक में आयोजित एक आधिकारिक समारोह में सिक्किम उच्च न्यायालय और राज्य की सभी अधीनस्थ अदालतों को देश की पहली 'पूर्णत: पेपरलेस राज्य न्यायपालिका' घोषित किया है।

सिक्किम अब भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहाँ उच्च न्यायालय से लेकर जिला और अधीनस्थ अदालतों तक का पूरा कामकाज 100% डिजिटल और कागज-रहित हो चुका है।

## Newspaper of 3 May, 2026

- **इमरजेंसी चेतावनी के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम लॉन्च–**

2 मई, 2026 को केन्द्रीय टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम लॉन्च किया। इससे इमरजेंसी और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी अब सीधे मोबाईल फोन पर मिलेगी। इस सिस्टम को सी-डॉट ने एनडीएमए के साथ स्वदेशी तकनीक से तैयार किया है। सिस्टम सभी 36 राज्यों-केन्द्रशासित प्रदेशों में चालू है। इससे तय इलाके के मोबाइल यूसर्ज को तुरंत अलर्ट भेजा जाएगा।

- **1 मई, 2026 को भारत ने ओडिशा के चांदीपुर तट पर 1500 किमी. रेंज वाली हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण कर खास उपलब्धि हासिल की है। इसे डीआरडीओ ने बनाया है। मैक 5 से अधिक की गति वाली यह मिसाइल दुश्मन के रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है।**
- **आर. बालासुब्रमण्यम और जोरम अनिया नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त हुए–**

2 मई, 2025 को केन्द्र सरकार ने लेखक आर. बालासुब्रह्मण्यम और शिक्षाविद जोरम अनिया को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। अब आयोग में उपाध्यक्ष सहित सदस्यों की कुल संख्या सात हो गई है।

## Newspaper of 4 May, 2026

- **अब लक्ष्मी मित्तल के हाथ रॉयल्स की कमान; रिकॉर्ड 15660 करोड़ रुपए में हुई डील–**

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की फ्रेंचाइजी राजस्थान रायल्स एक बार फिर बिक गई है। इस फ्रेंचाइजी को स्टील किंग कहे जाने वाले लक्ष्मी निवास मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने रिकॉर्ड 15660 करोड़ रुपए (1.65 बिलियन डॉलर) में खरीद लिया है। राजस्थान रॉयल्स करीब दो महीने में दूसरी बार बिकी है। इससे पहले इसे अमरीका के रहने वाले काल सोमानी ने 1.63 बिलियन डॉलर में खरीदा था। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कानूनी और वित्तीय उलझनों के कारण इस डील को मंजूरी नहीं दी।

**सितंबर में सौदा पूरा करेगा–**इस सौदे पर अंतिम मोहर सितंबर 2026 में लगेगी। बीसीसीआई, आइपीएल गवर्निंग काउंसिल और इससे जुड़ी अन्य संस्थाओं की स्वीकृति के बाद ही डील फाइनल होगी।

**इनके पास हिस्सेदारी–**

- मित्तल परिवार 75%
- अदार पूनावाला 18%
- मनोज बडाले (पुराने मालिक) 7%

उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी निवास मित्तल राजस्थान के राजगढ़

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

(चूरू) के रहने वाले हैं। उनका जन्म 15 जून, 1950 में हुआ था। वे भारत के 12वें और दुनिया के 91वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 2.26 लाख करोड़ रुपए है।

## Newspaper of 6 May, 2026

■ **केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए;**

- ♦ मंत्रिमण्डल ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में चार की वृद्धि को मंजूरी दी जिससे न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 से बढ़कर 37 हो गई।
- ♦ कैबिनेट ने 3900 करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश के साथ दो सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी।
- ♦ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना 5.0 को मंजूरी दी।

■ **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा 'कपास उत्पादकता मिशन' को मंजूरी दी गई–**

5 मई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने देश के कपास क्षेत्र की बाधाओं और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए 'कपास उत्पादकता मिशन' को मंजूरी दी।

यह मिशन भारत भारत सरकार के 5F विजन (Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foregin) के अनुरूप है, जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाएगा।

- ♦ मिशन अवधि वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक (5 वर्ष)।
- ♦ ₹5659.22 करोड़ कुल खर्च किया जाएगा।
- ♦ इसका देश के लगभग 32 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।
- ♦ इसका लक्ष्य कपास उत्पादकता को 440 किग्रा/हेक्टेयर से बढ़ाकर 755 किग्रा./हेक्टेयर करना है।
- ♦ वर्ष 2031 तक कुल उत्पादन 498 लाख गाँठ (1 गाँठ = 170 किलोग्राम) तक पहुँचाना।

## Newspaper of 7 May, 2026

■ **6 मई, 2026 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 'स्वस्थ भारत पोर्टल' लॉन्च किया। यह वन स्टॉप प्लेटफॉर्म सभी स्वास्थ्य सेवाओं को एक जगह जोड़ता है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े इस पोर्टल से मेडिकल रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। सरकार के अनुसार इससे स्वास्थ्यकर्मियों का समय भी बचेगा और खर्च में 20 से 30% तक की कमी आयेगी। यह प्लेटफॉर्म डुप्लीकेट डेटा एंट्री को खत्म करने, रिपोर्टिंग प्रक्रिया को सरल बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए सटीक निर्णय लेने में मदद करेगा।**

■ **दक्षिण कोरिया में सोल के जोग्येसा मंदिर में 'गाबी' नाम के 130 सेंटीमीटर (4 फीट 2 इंच के लगभग) लंबे ह्यूमनॉइड रोबोट को बोद्ध भिक्षु के तौर पर पेश किया गया। इस दौरान 'गाबी' ने पारंपरिक बौद्ध वस्त्र पहने भिक्षुओं के समक्ष दीक्षा ली। 5 बौद्ध शीलों की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। उसे 108 मनकों की माला पहनाई गई। उल्लेखनीय है कि कोरिया में एआई-पावर्ड रोबोट भिक्षु 'वेनरेबल ह्योआन' भी चर्चा में रहा है।**

■ **भारत की 'अग्नि-6' के परीक्षण की तैयारी, 10000 किमी तक करेगी प्रहार–**

भारत अपनी स्वदेशी रूप से विकसित बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-6' के सबसे घातक वर्जन के टेस्ट की तैयारी में है। यह 10000 किमी दूरी तक मार करने की क्षमता वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) कई परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम होगी। बंगाल की खाड़ी में नोटिस टू एयरमेन (नोटम) भी जारी किया गया है, जो लंबी दूरी की मिसाइल टेस्ट की तैयारी दिखाता है।

**इसलिए खास अग्नि-6**

- ♦ **भविष्य की मिसाइल–**अग्नि-6 भारत की 'नेक्स्ट जनरेशन' मिसाइल है, जिसे भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।
- ♦ **मारक क्षमता–**इस मिसाइल की संभावित मारक क्षमता 10000 किलोमीटर से भी ज्यादा होगी। इससे भारत की रणनीतिक पहुँच क्षेत्रीय नहीं रह जाएंगी, बल्कि यह वैश्विक स्तर की हो जाएगी।
- ♦ **एमआइआरवी तकनीक–**अग्नि-6 की सबसे बड़ी खूबी इसकी एमआइआरवी (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल) तकनीक है। इस तकनीक का मतलब है कि एक ही मिसाइल उड़ान भरने के बाद अलग-अलग दिशाओं में कई हथियार दाग सकती है और एक साथ कई लक्ष्यों को तबाह कर सकती है।
- ♦ **अभी इनके पास आइसीबीएम–**1. अमेरिका, 2. रूस, 3. चीन, 4. फ्रांस, 5. ब्रिटेन।

■ **प्रसून जोशी प्रसार भारती के नए अध्यक्ष बने–**

6 मई, 2026 केन्द्र सरकार ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को देश के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रसून जोशी पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष रहेंगे। प्रसून जोशी ने इस पर पद नवनीत कुमार सहगल का स्थान लिया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 8 May, 2026

■ **बेट द्वारका में खुदाई का पहला चरण हुआ पूरा; 20 मीटर गहरे पानी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मिली पत्थर की संरचनाएँ-बर्तन और सिक्के–**

हाल ही में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की अंडरवाटर आर्कियोलोजी विंग ने यात्राधाम द्वारका और बेट द्वारका के तटीय इलाकों के साथ-साथ अरब सागर में पुरातात्विक खुदाई का पहला चरण पूरा कर लिया है। दिसंबर 2025 में शुरू हुए पहले चरण के तहत बेट द्वारका में 20 मीटर गहरे पानी में कीमती अवशेष मिले हैं। इसमें विदेशी सिक्के भी शामिल हैं। एएसआइ के महानिदेशक यदुबीरसिंह रावत ने भी साइट का दौरा किया। इनमें पत्थर की संरचनाएँ, मिट्टी के बर्तन, कांच के मोती, शंख की चूड़ियाँ, सिक्के और लोहे की चीजें मिलीं। इससे साबित होता है कि इस द्वीप पर प्रागैतिहासिक समय से लेकर शुरुआती ऐतिहासिक समय तक इंसानों की बस्तियाँ थीं।

■ **भारतीय ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा प्रवासी समूह बने–**

ऑस्ट्रेलिया में पहली बार भारतीय मूल के लोग ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े प्रवासी समुदाय बन गए है। दशकों तक इस स्थान पर काबिज ब्रिटिश मूल के लोगों को भारतीयों ने पीछे छोड़ दिया। 30 जून, 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के निवासियों की संख्या 971020 तक पहुँच गई है, जो कुल आबादी का 5.2 प्रतिशत है। वहीं, इंग्लैंड में जन्में प्रवासी 970950 रह गई है। पहला मौका है जब किसी गैर-ब्रिटिश मूल के समूह ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। जहाँ 2015 से 2025 के बीच ऑस्ट्रेलिया में भारतीय आबादी में 5.22 लाख की वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया की 32 प्रतिशत आबादी अब विदेशी मूल की है। भारत इस सूची में शीर्ष पर है। चीन 7.32 लाख की संख्या के साथ तीसरे स्थान पर है। 2005 से प्रवासी आबादी 3 प्रतिशत सालाना बढ़ी है।

## Newspaper of 9 May, 2026

■ **अंतरमहाद्वीप बैलिस्टिम मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया गया।**

8 मई, 2026 को भारत ने अपनी अत्याधुनिक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) 'अग्नि-5' का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सफल परीक्षण किया।

- ♦ इस सफलता के साथ भारत चालू ICBM तकनीक वाले दुनिया के विशिष्ट देशों के समूह (अमेरिका, रूस, फ्रांस और चीन) में आधिकारिक रूप से शामिल हो गया है।
- ♦ यह तीन-चरण वाली ठोस ईंधन आधारित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है।
- ♦ इसकी वर्तमान ऑपरेशनल रेंज 5000 से 5500 किलोमीटर है (जिसे आवश्यकता पड़ने पर 7000 से 8000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है)।
- ♦ यह 1 से 1.5 टन तक के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। मिसाइल की लंबाई 17 मीटर और चौड़ाई 2 मीटर है।

■ **लॉरा फर्नांडीज कोस्टा रिको की नई राष्ट्रपति बनीं–**

8 मई, 2026 को लॉरा फर्नांडीज ने मध्य अमेरिकी देश कोस्टा रिका के 50वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला। वे सोवरन पीपुल्स पार्टी (SPP) की उम्मीदवार थीं।

## Newspaper of 12 May, 2026

■ **11 मई, 2026 में दिल्ली-एनसीआर में पहला और देश का दूसरा बैरियरलैस टोल सिस्टम शुरू हो गया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंडका-बक्कखला टोल प्लाज पर इसकी शुरुआत की। इस व्यवस्था में वाहनों को टोल पर रुकने की जरुरत नहीं है। हर लेन में लगे कैमरे फास्टैग को स्कैन करते हैं, जिससे टोल कट जाता है। इससे ने केवल जाम कम होगा, बल्कि ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।**

■ **11 मई, 2026 को केन्द्र सरकार ने वीबी-जीराम जी अधिनियम-2025 (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रमीण) को अधिसूचित कर दिया। यह एक जुलाई, 2026 से पूरे देश में लागू हो जाएगा। यह 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) की जगह लेगा। नई व्यवस्था में पात्र ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि नई योजना में मनरेगा के सभी नियम लागू रहेंगे और 1 जुलाई तक उससे जुड़े अधूरे काम जारी रहेंगे।**

■ **मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने 'वन केस, वन डेटा' पहल की शुरुआत की–**

11 मई, 2026 को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने 'वन केस, वन डेटा' नामक एक महत्त्वपूर्ण डिजिटल पहल शुरू की।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इसका उद्देश्य देश की सभी अदालतों-सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों और तहसील (तालुका) न्यायालयों-के मामले संबंधी डेटा को एकीकृत डिजिटल प्रणाली में जोड़ना है।

- इसी अवसर पर सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के लिए 'Su Sahay' नामक एआई (AI) आधारित चैटबॉट भी लॉन्च किया गया।
- इसे National Informatics Centre (NIC) और सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के सहयोग से विकसित किया गया है।
- इसका उद्देश्य नागरिकों और वादकारियों को न्यायालयीय सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदन करना है।

## Newspaper of 14 May, 2026

### 14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया; बाजरे का समर्थन मूल्य 125 रुपए बढ़ाकर 2900 रुपए–

13 मई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की केन्द्रीय कैबिनेट समिति ने 14 खरीफ फसलों के लिए मार्केटिंग सीजन 2026-27 में एमएसपी बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सबसे अधिक सूरजमुखी का एमएसपी 622 रुपए बढ़ाया गया है। इसके साथ इसका एमएसपी 8343 रुपए क्विंटल हो गया। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 72 रुपए का इजाफा किया गया है। बाजरे में 125 रुपए बढ़ाए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एमएसपी उत्पादन लागत से 50% प्रतिशत ज्यादा है। किसानों को अनुमानित भुगतान 2.60 लाख करोड़ रुपए होगा और वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन रहने का अनुमान है।

| फसल | बढ़ोतरी (₹में) | एमएसपी (₹ में) |
|---|---|---|
| धान | 72 | 2441 |
| ज्वार | 324 | 4023 |
| बाजरा | 125 | 2900 |
| रागी | 319 | 5205 |
| मक्का | 10 | 2410 |
| तुअर/अरहर | 450 | 8450 |
| मूंग | 12 | 8780 |
| उड़द | 400 | 8200 |
| मूंगफली | 254 | 7517 |
| सूरजमुखी के बीज | 622 | 8343 |
| पीली सोयाबीन | 380 | 5708 |
| तिल | 500 | 10334 |
| नाइजरसीड | 515 | 10052 |
| कपास | 557 | 8267 |

नोट–दाम रुपए/प्रति क्विंटल

## Newspaper of 15 May, 2026

### 14 मई, 2026 को केन्द्र सरकार ने प्रतिभा पारकर को पनामा रिपब्लिक में भारत की अगली राजदूत नियुक्त किया है। आईएफएस बैच 2000 की अधिकारी प्रतिभा पारकर वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।

### स्कॉटलैंड की झील में मिला 5000 साल पुराना 'मानव निर्मित द्वीप', 75 फीट का गोल प्लेटफार्म–

हाल ही में स्कॉटलैंड की एक झील के नीचे 5000 साल पुराना कृत्रिम द्वीप मिला है जिसने प्रागैतिहासिक मानव सभ्यता को लेकर वैज्ञानिकों की सोच बदल दी है। साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के शोधकर्त्ताओं ने आइल ऑफ लुईस में इस संरचना की खोज की, जिसे 'क्रैनोग' कहा जाता है। इसे लगभग 3800 से 3300 ईसा पूर्व के बीच सुनियोजित तरीके से बनाया गया था। बाद की पीढ़ियों ने इसमें नई परतें जोड़कर इसे और मजबूत किया। आसपास मिले बर्तनों से संकेत मिलता है कि यह स्थान केवल रहने के लिए नहीं था। यहाँ सामूहिक भोज, सभाएँ और विशेष आयोजन होते थे। वैज्ञानिकों को पत्थरों के नीचे लगभग 75 फीट चौड़ा गोलाकार लकड़ी का प्लेटफॉर्म मिला। नियोलिथिक काल के लोगों ने लकड़ी के लट्ठों-टहनियों की मोटी चटाई बिछाकर आधार तैयार किया था। यह दिखाता है कि तब भी इंसानों को निर्माण तकनीक व संतुलन की गहरी समझ थी।

### गुजरात के वडोदरा में बना पहला स्वदेशी सी 295 ट्रांसपोर्ट विमान–

भारत की रक्षा निर्माण क्षमता को बड़ी मजबूती देते हुए वडोदरा में पहला 'मेड इन इंडिया' यानी स्वदेशी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान सी-295 तैयार हो गया है। अक्टूबर 2024 में वडोदरा स्थित टाटा-एयरबस एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स का उद्घाटन प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने किया था। भारत और स्पेन के बीच हुए 56 सी-295 विमानों के करार के तहत 16 विमान स्पेन से तैयार होकर आएंगे, जबकि 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। इनमें पहला विमान अब वडोदरा में बनकर तैयार हो चुका है। भारतीय वायुसेना को सितंबर 2026 तक पहला 'मेड इन इंडिया' सी-295 सौंपे जाने की तैयारी है।

## Newspaper of 16 May, 2026

### आंध्रप्रदेश में उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (AMCA) अवसंरचना का शिलान्यास किया गया–

15 मई, 2026 को भारत के पहले पाँचवीं पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट (AMCA) अवसंरचना का शिलान्यास।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया।
- AMCA के 'कोर इंटीग्रेशन एंड फ्लाइट टेस्टिंग सेंटर' की स्थापना पुट्टपर्थी (श्री सत्य साई जिला), आंध्रप्रदेश में की जा रही है।
- इस केन्द्र की निर्माण लागत लगभग ₹2000 करोड़ हैं, जो AMCA विकास के लिए कुल ₹15803 करोड़ के व्यापक रक्षा निवेश का हिस्सा है।
- यह केन्द्र पाँचवी पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमानों के विकास, एकीकरण, उड़ान परीक्षण और प्रमाणन के लिए राष्ट्रीय हब बनेगा।

## Newspaper of 17 May, 2026

### याचिका: 100 रुपये से अधिक के सामान पर लागू भारतीय सामान पर सीमा पार टैक्स को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने रोका–

नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत से निजी इस्तेमाल के लिए 100 नेपाली रुपए से अधिक के सामानों पर लगने वाले सीमा शुल्क नियम पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस हरि प्रसाद फुयाल और टेक प्रसाद ढुंगाना की संयुक्त पीठ ने प्रधानमंत्री कार्यालय और वित्त मंत्रालय को अगले आदेश तक इसे लागू न करने का निर्देश दिया है। हाल ही में निर्वाचित बालेंद्र बालेन शाह सरकार द्वारा लागू किए गए इस नियम के तहत, भारत से खरीदे गए महज 62 भारतीय रुपए (100 नेपाली रुपए) से अधिक के सामान पर कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दी गई थी।

### जैन समाज को 2000 पांडुलिपियाँ वापस सौंपेगा ब्रिटिश म्यूजियम–

लंबे समय से लंदन के वेलकम कलेक्शन में सुरक्षित रखी हुई जैन पांडुलिपियाँ अब जैन समुदाय को वापस लौटाई जाएंगी। ये 2000 पांडुलिपियाँ ब्रिटेन के एक दवा उद्योग से जुड़े बड़े व्यवसायी सर हेनरी वेलकम ने खरीदी थी।

हेनरी के निधन के बाद इन्हें वसीयत के अनुसार वेलकम ट्रस्ट को सौंपा गया था। इन्हें अब बर्मिंघम विश्वविद्यालय के जैन स्टडीज में धर्मनाथ नेटवर्क को स्थानांतरित किया जा रहा हे। इनका स्वामित्व इंस्टीट्यूट ऑफ जैनोलॉजी के पास होगा जो ब्रिटेन में लगभग 65000 जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है।

**जैन पांडुलिपियों का सबसे बड़ा संग्रह–**यह संग्रह दक्षिण एशिया के बाहर जैन पांडुलिपियों का सबसे बड़ा संग्रह माना जाता है। इसमें 15वीं से 19वीं शताब्दी तक की सामग्री शामिल है। इनमें से लगभग 1200 पांडुलिपियों 1919 ई. में 5 रुपये की दर से एक ही जैन मंदिर से खरीदी गई थीं।

## Newspaper of 18 May, 2026

### स्क्वाड्रन लीडर सान्या पहली कैट-ए महिला फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर–

हाल ही में भारतीय वायुसेना की अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सान्या ने इतिहास रचा है। वह कैट-ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआइ) योग्यता हासिल करने वाली पहली महिला अधिकारी बन गयी है। इसे सैन्य पायलटों के लिए सबसे उच्च इंस्ट्रक्शनल रेटिंग माना जाता है। चेन्नई के पास एयरफोर्स स्टेशन तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर स्कूल (एफआइएस) अनुभवी पायलटों को विशेष प्रशिक्षण देकर फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के रूप में तैयार करता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह अक्टूबर, 2025 में क्यूएफआई बैज हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला भारतीय पायलट बनी थीं।

### मई, 2026 में केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र कैडर के 1998 बैच के आइएएस अधिकारी सौरभ विजय को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आधार) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

### भारत-नीदरलैंड्स रणनीतिक साझेदार बने; रक्षा, सेमीकंडक्टर व क्रिटिकल मिनरल्स पर 17 करार–

पीएम नरेन्द्र मोदी व नीदरलैंड्स के पीएम रॉब जेटेन के बीच दोनों देशों में रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का करार हुआ। इसके साथ ही रक्षा, सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। दोनों ने ट्रेड, निवेश, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रक्षा उत्पादन और एआई में सहयोग बढ़ाने को साझा रोडमैप जारी किया। नीदरलैंड्स के बाद मोदी रविवार को स्वीडन पहुँचे।

**पीएम मोदी स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित–**पीएम नरेन्द्र मोदी को रविवार को स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार' से सम्मानित किया गया। स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया ने उन्हें डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान भारत-स्वीडन संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान और नेतृत्व के लिए दिया गया। मोदी ने यह सम्मान भारत-स्वीडन के ऐतिहासिक रिश्तों और दोनों देशों के लोगों के बीच स्नेह को समर्पित किया।

**यह 31वाँ अंतरराष्ट्रीय सम्मान–**पीएम मोदी का यह 31वाँ अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### नक्सलवाद से मुक्त हुआ गढ़चिरौली–

महाराष्ट्र पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन अंतिम प्रहार' के तहत 64 लाख रुपए के इनामी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आठ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पाँच सशस्त्र नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। पुलिस ने दावा किया है कि इस कार्रवाई के बाद गढ़चिरौली की आधिकारिक वांटेड सूची में अब कोई सशस्त्र माओवादी नहीं बचा है।

■ **शेरपा ने 32वीं बार फतेह किया माउंट एवरेस्ट–**

17 मई, 2026 को नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट एवरेस्ट पर 32वीं बार सफल चढ़ाई की।

■ **ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम; समुद्र में तेल-गैस खोजेगा भारत, भूगर्भीय रेखाओं का होगा अध्ययन–**

ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भारत अब बंगाल की खाड़ी से अंडमान तक समुद्र में तेल और गैस की बड़े स्तर पर तलाश करेगा। महानिदेशक हाइड्रोकार्बन ने बंगाल, पूर्णिया, महानदी, कृष्णा-गोदावरी, कावेरी और अंडमान बेसिन में भूकंपीय तथा गुरुत्वाकर्षण-चुंबकीय सर्वेक्षण के आदेश जारी किए है। इसके तहत करीब डेढ़ लाख किलोमीटर लंबी भूगर्भीय रेखाओं का अध्ययन होगा।

भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार बंगाल बेसिन की गहरी तलछटी परतों में हाइड्रोकार्बन मिलने की संभावना मजबूत है। वहीं अंडमान बेसिन की भूवैज्ञानिक संरचना म्यांमार और इंडोनेशिया जैसी मानी जा रही है, जो बड़े गैस उत्पादक देश हैं। भारत फिलहाल प्रतिदिन 58 लाख बैरल तेल की खपत करता है, जिसमें अधिकांश आयातित है।

■ **इबोला प्रकोप के मद्देनजर: WHO द्वारा 'अन्तरराष्ट्रीय आपातकाल' (PHEIC) घोषित–**

17 मई, 2026 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) और युगांडा में फैल रहे इबोला वायरस के प्रकोप को 'अन्तरराष्ट्रीय महत्व का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' (PHEIC) घोषित किया है।

- यह घोषणा डब्ल्यूएचओ द्वारा 'अन्तरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (IHR), 2005' के तहत की गई है।
- वर्ष 1976 में इबोला वायरस की खोज के बाद से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) में यह इबोला का 16वाँ प्रकोप है।

## Newspaper of 19 May, 2026

■ **वीडी सतीशन केरल के नए मुख्यमंत्री बने; पहली कैबिनेट में जनहित के महत्त्वपूर्ण फैसले लिए–**

18 मई, 2026 को विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ यूडीएफ गठबंधन के 20 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर ने सीएम व मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। 60 साल बाद पहला मौका है जब पूरे मंत्रिमंडल ने एक साथ शपथ ली।

शपथ ग्रहण के बाद सीएम सतीशन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में जनहित के कई फैसले लिए गए–

- केरल रोडवेज की बसों में महिलाओं को 15 जून से मुफ्त यात्रा सुविधा मिलेगी।
- आशा कार्यकर्त्ताओं के मानदेय में 3000 रुपए की बढ़ोतरी की गई।
- बुजुर्गों के कल्याण के लिए विशेष विभाग बनाया जाएगा।
- राज्य के खजाने और आर्थिक हालात की जानकारी देने के लिए श्वेत पत्र लाएंगे।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं और सहायकों, स्कूल रसोइया, पूर्व-प्राथमिक शिक्षकों व आयाओं के वेतन में 1000 की वृद्धि होगी।

■ **सीबीआई ने एक नया एआई आधारित चैटबॉट 'अभय' लॉन्च किया; डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी से बचाएगा–**

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी से लोगों को बचाने के लिए सीबीआई ने एक नया एआई आधारित चैटबॉट अभय लॉन्च किया है। यह सीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट (www.chi.gov.in) पर उपलब्ध है। इसका मुख्य काम आपको सीबीआई के नाम पर भेजे गए नोटिस की सच्चाई बताना है। इससे आप पता लगा सकते हैं कि नोटिस असली है या फर्जी।

## Newspaper of 20 May, 2026

■ **अमेरिका ने भारत को ₹3500 करोड़ के दो सैन्य सहायता सौदों को मंजूरी दी; भारतीय सेना एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर और एम 777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के रखरखाव और लॉजिस्टिक सपोर्ट–**

हाल ही में अमरीका ने भारत को रक्षा क्षेत्र में करीब 3500 करोड़ रुपए से ज्यादा के दो सैन्य सहायता सौंदों को मंजूरी दे दी है। इस डील्स में भारतीय सेना के लिए एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर और एम777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के रख-रखाव और लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक अपाचे हेलीकॉप्टर के रखरखाव के लिए बोइंग और लॉकहीड मार्टिन तथा एम 777 हॉवित्जर के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम मदद देगी।

**अपाचे की खासियत–**

- 21 हजार फीट की ऊँचाई तक उड़ान भरने में सक्षम।
- 280 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- 16 एंटी टैंक एजीएम, 114 हेलफायर व स्ट्रिंगर मिसाइल से लैंस

**ऐसी है हॉवित्जर तोप–**

- 4200 किलो वजन, जो अन्य तोपों से काफी कम है।
- 5 चालक दल और अधिकतम 7 सदस्यों की क्षमता।
- 25 किलोमीटर रेंज (अधिकतम 40 किमी)

■ **भारत ने स्वदेशी तकनीक के तहत ड्रोन से मिसाइल दागने का सफल परीक्षण किया; टैंक-फाइटर जेट होंगे तबाह–**

हाल ही में भारत ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। हवा से जमीन और हवा से हवा में मार करने में सक्षम है जिससे दुश्मन के टैंक, बंकर, बख्तरबंद वाहन, हेलिकॉप्टर और फाइटर जेट तबाह हो सकेंगे। इसे आतंकवाद-रोधी अभियान, सीमा सुरक्षा और सामरिक ऑपरेशन में बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जा सकता है। डीआरडीओ ने प्रिसिजन-गाइडेड मिसाइल यूएलपीजीएम-वी3 का आंध्रप्रदेश के कुर्नूल स्थित टेस्ट रेंज में बेंगलुरु की टेन्यूस्पेस रिसर्च और टेक्नोलॉजी के यूएवी के साथ परीक्षण किया। इस मिसाइल का निर्माण पूरी तरह भारतीय रक्षा इकोसिस्टम के जरिए किया है।

■ **लॉन्ग-रेंज गाइडेड रॉकेट आर्टिलरी सिस्टम 'सूर्यास्त्र' का सफल परीक्षण किया–**

18-19 मई, 2026 को भारत के पहले स्वदेशी और पूरी तरह से 'मेड-इन-इंडिया' यूनिवर्सल मल्टी-कैलिबर लॉन्ग-रेंज गाइडेड रॉकेट आर्टिलरी सिस्टम 'सूर्यास्त्र' का सफल परीक्षण किया गया।

यह परीक्षण एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर, ओडिशा में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य दुश्मन के क्षेत्र में गहराई तक घुसकर कमांड सेंटर, रडार इंस्टॉलेशन और लॉजिस्टिक्स हब्स को पिन-पॉइंट सटीकता से नष्ट करना है।

इस सिस्टम को DRDO के बजाय पुणे स्थित निजी रक्षा कंपनी 'निबे लिमिटेड' द्वारा विकसित और परीक्षित किया गया है।

## Newspaper of 22 May, 2026

■ **भारतीय मूल के दो वैज्ञानिकों प्रो. सलीम अब्दुल करीम और प्रो. कीर्तन ढेढा को दक्षिण अफ्रीका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने प्रिटोरिया में 38 लोगों को सम्मानित किया। भारत के प्रो. सलीम अब्दुल करीम को एड्स की रोकथाम के लिए ऑर्डर ऑफ मापुंगुब्वे-गोल्ड और प्रो.कीर्तन ढेढा को टीबी पर शोध के लिए ऑर्डर ऑफ मापुगुब्बे-सिल्वर दिया।**

■ **पीएम नरेन्द्र मोदी के पाँच देशों के विदेशी दौरे के दौरान महत्त्वपूर्ण समझौते हुए–**

मई, 2026 में नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का छह दिवसीय ऐतिहासिक कूटनीतिक दौरा 15 से 20 मई, 2026 तक चला इसके तहत ऊर्जा सुरक्षा, डिफेंस, सेमीकंडक्टर, एआइ और ग्रीन इकोनॉमी जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में कुल 65 ऐतिहासिक समझौतों और साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- **यूएई से 7 समझौते**–5 अरब डॉलर का निवेश, पेट्रोलियम भंडार सुरक्षा, एलपीजी और रक्षा सहयोग।
- **नीदरलैंड में 17 समझौते**–संबंधों का रणनीतिक स्तर पर अपग्रेडेशन, टाटा और एएसएमएल के बीच सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन डील और चोल साम्राज्य ताम्र पट्टिकाएँ लौटाना।
- **स्वीडन के साथ 6 समझौते**–द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य और भारत-स्वीडन एआइ कॉरिडोर की स्थापना।
- **नॉर्वे (12 समझौते)**–ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा, इसरो और नॉर्वे के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान समझौता।
- **इटली (15 समझौते)**–विशेष रणनीतिक साझेदारी का ऐलान और 2029 तक 20 अरब यूरो के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य।
- **तीसरा इंडिया-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन**–8 बहुपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

■ **वायु अस्त्र-1 का टेस्ट सफल, 100 किमी. दूर मौजूद लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम–**

21 मई, 2026 को पुणे के रक्षा कंपनी एनआइबीई लिमिटेड ने स्वदेशी 'वायु अस्त्र-1' लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम का पहला तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक किया। लोइटरिंग म्यूनिशन को आमतौर पर 'सुसाइड ड्रोन' या 'कामिकाजे ड्रोन' भी कहा जाता है। इसके टेस्ट पोखरण टेस्ट रेंज और जोशीमठ के मलारी क्षेत्र में किए गए। वायु अस्त्र-1 ने पोखरण में 10 किलोग्राम वॉरहेड के साथ टेस्ट पूरा किया। इसने 100 किलोमीटर दूर मौजूद लक्ष्य को एक ही प्रयास में निशाना बनाया। रात में भी हमले का टेस्ट किया गया।

उत्तराखंड के जोशीमठ इलाके ऊँचाई वाले कठिन इलाको में इसकी क्षमता भी जांची गई। कंपनी ने दावा किया कि 14 हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर वायु अस्त्र-1 ने 90 मिनट से ज्यादा समय तक उड़ान भरी। मिशन पूरा होने के बाद इसे सुरक्षित वापस रिकवर कर लिया गया, जिससे भविष्य में इसे दोबारा इस्तेमाल करने की संभावना भी साबित हुई।

## Newspaper of 23 May, 2026

■ **आयकर विभाग ने 'प्रारंभ 2026' लॉन्च किया; नए नियमों व डिजिटलाइजेशन से भरोसा बढ़ेगा–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

22 मई, 2026 को आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 2025 पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत जयपुर (राजस्थान) में 'प्रारम्भ 2026' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के दौरान करदाताओं को नए आयकर अधिनियम 2025 तथा आयकर नियम 2026 के संबंध में जानकारी दी गई।

## आरबीआई द्वारा केन्द्र सरकार को 2.87 लाख करोड़ का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया गया।

22 मई, 2026 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के केन्द्रीय बोर्ड ने अपनी 623वीं बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्र सरकार को ₹286588.46 करोड़ (लगभग ₹2.87 लाख करोड़) के रिकॉर्ड लाभांश (अधशेष हस्तांतरण) को मजूंरी दी है।

- यह आरबीआई के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा अधिशेष हस्तांतरण है। यह पिछले वर्ष के लाभांश (₹2.69 लाख करोड़) से लगभग 7% अधिक है।
- आरबीआई की सकल आय में 26.42% की शानदार वृद्धि हुई, जिससे इसकी बैलेंस शीट 20% बढ़कर करीब ₹92 लाख करोड़ की हो गई है।
- केन्द्रीय बैंक का शुद्ध लाभ इस वर्ष ₹3.95 लाख करोड़ रहा (जो पिछले वर्ष ₹3.13 लाख करोड़ था)।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने अपने आकस्मिक जोखिम बफर को पिछले वर्ष के 7.5% से घटाकर अपनी बैलेंस शीट का 6.5% कर दिया है।

**Newspaper of 24 May, 2026**

## साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस की भारत यात्रा–

20 से 23 मई, 2026 तक साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकासे क्रिस्टोडौलिडेस ने भारत की आधिकारिक राजकीय यात्रा की।

इस यात्रा का सबसे बड़ा परिणाम यह रहा कि भारत और साइप्रस दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य से बढ़ाकर 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

- आगामी 5 वर्षों के लिए एक नया 'रक्षा सहयोग रोडमैप' (2026-2031) तैयार किया गया।
- 'साइबर सुरक्षा संवाद' और 'आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह' की स्थापना पर सहमति बनी।
- साइप्रस के CYDECO और भारत के सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) के बीच MoU पर हस्ताक्षर किए गए।
- **IMEEC कॉरिडोर का समर्थन–**साइप्रस ने 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर' (IMEEC) को अपना मजबूत समर्थन दिया और इसमें यूरोप के लिए प्रवेश द्वार (Gateway) बनने की इच्छा जताई।
- साइप्रस आधिकारिक तौर पर भारत की इस पहल के 'व्यापार, संपर्क और समुद्री परिवहन' स्तंभ (Pillar) में शामिल हो गया है।
- वर्ष 2026-2030 के लिए दोनों देशों के मध्य सांस्कृतिक सहयोग समझौता हुआ तथा भारत के सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और साइप्रस की राजनयिक अकादमी के बीच MoU संपन्न हुआ।
- भारत अपनी स्वास्थ्य पहल के तहत एक 'पोर्टेबल अस्पताल' (BHISHM Cube) साइप्रस को उपहार स्वरूप देगा।
- 18 मई, 2026 को पहले 'भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवस' का आयोजन किया गया था।
- साइप्रस ने भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक नया 'साइप्रस व्यापार केन्द्र' खोलने की घोषणा की।

## संसद रत्न पुरस्कार 2026–

23 मई, 2026 को संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों और संसदीय समितियों के लिए संसद रत्न पुरस्कार 2026 की घोषणा की गई है।

- इस वर्ष कुल 12 सांसदों (10 लोकसभा + 2 राज्यसभा) तथा 4 संसदीय स्थायी समितियों को सम्मान के लिए चुना गया है।
- इस वर्ष सर्वाधिक 5 पुरस्कार महाराष्ट्र के सांसदों ने अपने नाम किए हैं।
- इस समारोह का 16वाँ संस्करण जुलाई 2026 में नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस अवसर पर 150वाँ संसद रत्न पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

### पुरस्कार विजेताओं की सूची : एक नजर में

**व्यक्तिगत श्रेणी में चयनित सांसद (कुल 12)**

- जगदंबिका पाल (उत्तर प्रदेश-पूर्व मुख्यमंत्री)
- पी.पी. चौधरी (राजस्थान)
- निशिकांत दुबे (झारखण्ड)
- प्रवीण पटेल (उत्तर प्रदेश)
- विद्युत बरन महातो (झारखण्ड)
- लुम्बाराम चौधरी (राजस्थान)
- डॉ. हेमंत विष्णू सावरा (महाराष्ट्र)
- स्मिता उदय वाद्य (महाराष्ट्र-कैंसर से जूझते हुए भी संसद सत्र में अनुकरणीय उपस्थिति दर्ज की)
- नारेष गणपत म्हस्के (महाराष्ट्र)
- डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र-राज्यसभा सांसद)
- नरहरी अमीन (गुजरात-राज्यसभा सांसद, पूर्व उप-मुख्यमंत्री)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**पुरस्कृत संसदीय समितियाँ–**

| क्र.सं. | संसदीय समिति का नाम | समिति के अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1 | कृषि संबंधी समिति | डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी |
| 2 | वित्त संबंधी समिति | भर्तृहरि महताब |
| 3 | ग्रामीण विकास और पंचायती राज समिति | सप्तगिरी शंकर उलाका |
| 4 | कोयला और खदान संबंधी समिति | अनुराग ठाकुर |

**संसद रत्न पुरस्कार क्या है?**

इसकी स्थापना पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सुझाव पर वर्ष 2010 में 'प्राइम पॉइंट फाउंडेशन' द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य संसद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सांसदों और संसदीय समितियों को सम्मानित करना है। इसमें चयन का आधार सांसदों की सदन में उपस्थिति, चर्चाओं में भागीदारी, प्रश्नों की संख्या और निजी विधेयकों (PRS डेटा) के आधार हैं।

## Newspaper of 26 May, 2026

### ■ 29वाँ फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स 2026 का आयोजन हुआ–

22-25 मई, 2026 को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 29वें फेडरेशन रूप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ग्लासगो (स्कॉटलैण्ड) में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए एकमात्र मुख्य चयन ट्रायल थी।

- ♦ इसमें गुरिंदरवीर सिंह ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकण्ड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वे 10.10 सेकंड की बाधा तोड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने।
- ♦ तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन) ने कुल 8057 अंक अर्जित कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड सुधारा और 8000 अंक का बैरियर तोड़ने वाले पहले भारतीय बने।

## Newspaper of 27 May, 2026

### ■ भारत-अमेरिका के बीच महत्त्वपूर्ण खनिज सहयोग समझौता हुआ–

26 मई, 2026 को भारत और अमेरिका ने महत्त्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (REEs) की निर्बाध आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक द्विपक्षीय समझौते 'स्ट्रेटेजिक क्रिटिकल मिनरल्स को-ऑपरेशन फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए हैं।

- ♦ मई, 2026 में नई दिल्ली में आयोजित 'क्वाड' (QUAD) विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेशी मंत्री मार्को रुबियो के मध्य एक समझौता संपन्न हुआ।
- ♦ इस समझौते का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स और वैश्विक विनिर्माण बाजार पर चीन के दबदबे/एकाधिकार को कम करना तथा एक सुरक्षित व विविधीकृत सप्लाई चेन का निर्माण करना है।

## Newspaper of 28 May, 2026

### ■ चंद्रयान-2 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ के संकेत मिले–

भारत के चंद्रयान-2 मिशन ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़ी एक और बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है। मिशन से मिले आंकड़ों के विश्लेषण में वैज्ञानिकों को चंद्रमा की सतह के नीचे जल-बर्फ के मजबूत संकेत मिले है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तस्वीरों के साथ यह महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की है। यह अध्ययन अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेट्री (पीआरएल) के वैज्ञानिकों ने किया। शोध में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के उन छायांकित क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया, जहाँ कभी सूर्य की रोशनी नहीं पहुँचती। इन क्षेत्रों का तापमान करीब –248° सेल्सियस तक गिर जाता है, जिससे वहाँ अरबों वर्षों तक बर्फ सुरक्षित रह सकती है। शोध में फाउस्टिनी क्रेटर के भीतर करीब 1.1 किमी व्यास का गड्ढा खोजा गया। यहाँ रडार संकेतों के साथ 'लोबेट-रिम' जैसी विशेष संरचनाएँ भी दिखीं। माना जा रहा है कि बर्फ से भरी सतह के नीचे किसी उल्कापिंड की टक्कर हुई होगी। अध्ययन में रडार तकनीक का उपयोग किया जिससे बर्फीले भंडारों का पता लगाना संभव हुआ।

### ■ सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल 80 करोड़ लाभार्थियों की पहचान अब एआई से होगी; पीडीएस में एआई की एंट्री की; सार्थक पीडीएस योजना को 2031 तक बढ़ाया–

27 मई, 2026 को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को और मजबूत बनाने के लिए मंत्रिमंडल ने 'सार्थक-पीडीएस' योजना के विस्तार को मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक में 'स्कीम फॉर असिस्टेंस इन राशन ट्रांसपोर्ट एंड हैंडलिंग-इनकम विद ऑटोमेशन इन पीडीएस' (सार्थक-पीडीएस) को अप्रेल, 2026 से मार्च 2031 तक अगले पांच वर्षों के लिए लागू करने का फैसला लिया गया। इसके लिए केन्द्र सरकार 25530 करोड़ रुपए खर्च करेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि योजना का उद्देश्य 80 करोड़

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लोगों को लाभ देने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तेज और तकनीक आधारित बनाना है। राज्यों में खाद्यान्न परिवहन, राशन दुकानों के संचालन और पूरी वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण में सहायता दी जाएगी।

**तीन एआइ मॉडल की होगी तैनाती–**

- **'निर्मल'**–रियलटाइम लाभार्थी रजिस्ट्री तैयार करेगा, मंत्रालयों में लाइव संपर्क में मददगार।
- **'आशा'**: वाट्सएप, आइवीआरएस व चैटबोट से बहुभाषीय शिकायत समाधान उपलब्ध कराएगा।
- **'सक्षम'** : सप्लाई चेन प्रबंधन, वाहनों की ट्रैकिंग और मांग के अनुमान जैसे काम संभालेगा।

### ■ असम में समान नागरिक संहिता विधेयक पास, उत्तराखंड व गुजरात के बाद तीसरा राज्य बना–

27 मई, 2026 को असम विधानसभा ने समान नागरिक संहिता यूसीसी विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही असम, उत्तराखंड और गुजरात के बाद यूसीसी विधेयक पारित करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया। कानून के तहत विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे निजी मामलों में सभी धर्मों के लिए समान कानूनी व्यवस्था लागू होगी।

विधेयक में बहुविवाह पर रोक और लिव-इन रिश्तों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। बहुविवाह या द्विविवाह पर सात साल तक की जेल तथा लिव-इन संबंध पंजीकृत नहीं कराने पर तीन महीने तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। हालांकि अनुसूचित जनजाति समुदाय को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।

## Newspaper of 30 May, 2026

### ■ गुजरात में खंभात की खाड़ी पर बनेगा देश का सबसे लंबा सी-ब्रिज; 30 किमी लंबे ब्रिज से सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के बीच दूरी 150 से 200 किमी तक होगी कम–

केन्द्र सरकार ने खंभात की खाड़ी पर 30 किलोमीटर लंबे अत्याधुनिक सी-ब्रिज के निर्माण को मंजूरी दी है। यह ब्रिज सौराष्ट्र के भावनगर से दक्षिण गुजरात के भरूच को सीधे जोड़ेगा। अभी तक भावनगर से भरूच या सूरत जाने के लिए अहमदाबाद या वडोदरा होकर लंबा सडक मार्ग तय करना पड़ता है, जिसमें 7 से 8 घंटे लगते है, लेकिन अब यह सफर केवल 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। भावनगर और सूरत के बीच की दूरी करीब 240 किलोमीटर कम हो जाएगी। इससे वाहन चालकों के करोड़ों रुपए का ईंधन बचेगा। नए सी-ब्रिज और एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद यह यात्रा लगभग 45 मिनट में पूरी हो सकेगी।

देश में फिलहाल सबसे लंबा सी-ब्रिज मुंबई का अटल सेतु है, जिसकी लंबाई 21.8 किलोमीटर है लेकिन खंभात की खाड़ी पर बनने वाला यह ब्रिज 30 किलोमीटर लंबा होगा जो देश का सबसे लंबा सी-ब्रिज बन जाएगा। इस छह लेन हाई-स्पीड एक्सप्रेस-वे से सूरत के इंडस्ट्रियल इलाकों और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

**यह होगा बड़ा फायदा–**इस प्रोजेक्ट से न केवल यात्री समय की बचत हागी, बल्कि गुजरात के आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। भावनगर के अलग शिप ब्रेकिंग यार्ड और आस-पास की इंडस्ट्रीज के लिए लॉजिस्टिक्स लागत में भारी कमी आएगी। धोलेरा सेमीकंडक्टर हब को दक्षिण गुजरात के हजीरा और अंकलेश्वर जैसे इंडस्ट्रियल क्षेत्रों से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही सोमनाथ और द्वारका जैसे धार्मिक स्थल दक्षिण गुजरात के पर्यटकों के लिए अधिक सुलभ हो जाएंगे।

## Newspaper of 31 May, 2026

### ■ सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने सिंगापुर ओपन का पुरुष युगल खिताब जीता–

31 मई, 2026 को भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का पुरुष युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली भारत की पहली जोड़ी बन गई है।

इस भारतीय जोड़ी ने 1 घंटे 13 मिनट (73 मिनट) तक चले बेहद कड़े और मैराथन मैच में इंडोनेशिया के फजार आल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की विश्व नंबर-3 जोड़ी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराया।

उल्लेखनीय है कि सिंगापुर ओपन के इतिहास में भारत के लिए इससे पहले केवल एकल वर्ग में साइना नेहवाल, पीवी सिंधु और बी साई प्रणीत ने खिताब जीते थे।

सिंगापुर ओपन 2026 को पुरुष एकल एवं महिला एकल खिताब क्रमशः फ्रांस के एलेक्स लेनियर और दक्षिण कोरिया की अन से-यंग ने जीता।

### ■ पाँच राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में विधानसभा चुनाव 2026–

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा अप्रैल, 2026 में देश के 4 राज्यों और 1 केन्द्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न करवाए गए, जिनके अंतिम परिणाम 4 मई, 2026 को जारी किए गए।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 (कुल सीटें-294)**

- भारतीय जनता पार्टी ने 208 सीटों के साथ ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया।

- ममता बनर्जी की अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस को केवल 80 सीटें प्राप्त हुईं, इसके अलावा कांग्रेस को 2, एजेयूपी को 2 और सीपीआईएम को 1 सीट मिली।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री बने हैं। वे राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं।
- 9 मई, 2026 को राज्यपाल आर.एन. रवि ने कोलकाता के ऐतिहासिक बिग्रेड परेड ग्राउंड में उन्हें 9वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 ( कुल सीटें-234 )**

- **चुनावी परिणाम**–प्रसिद्ध सी.जोसेफ विजय (अभिनेता) की नई पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' (TVK) ने 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में इतिहास रचा।
- **अन्य दलों की स्थिति**–सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कड़गम (DMK) को 59, एआईएडीएमके (AIADMK) को 47, कांग्रेस को 5 तथा पीएमके को 4 सीटें प्राप्त हुईं।
- 10 मई, 2026 को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वे राज्य के 22वें मुख्यमंत्री बने।

**केरलम विधानसभा चुनाव 2026 ( कुल सीटें-140 )**

- **चुनावी परिणाम**–यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) ने 102 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया।
- **दलवार स्थिति**–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 63, सीपीआई (एम) को 26, आईयूएमएल को 22, सीपीआई को 8 तथा केईसी को 7 सीटें मिली।
- वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन केरल के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं।
- 18 मई, 2026 को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

**असम विधानसभा चुनाव 2026 ( कुल सीटें–126 )**

- चुनावी परिणाम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने 102 सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज की और लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। इसमें भाजपा ने 82 सीटें जीती।
- **दलवार स्थिति**–भाजपा-82, कांग्रेस-19, बीपीएफ-10, एजीपी-10, एआईयूडीएफ-21 विपक्षी कांग्रेस गठबंधन को कुल 21 सीटें मिली।
- डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने हैं।
- राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें 12 मई, 2026 को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**पुदुचेरी विधानसभा चुनाव 2026 ( केन्द्रशासित प्रदेश-कुल सीटें-30 )**

- **चुनावी परिणाम**–मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी के नेतृत्व वाले NDA (AINRC + BJP) गठबंधन ने 18 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी।
- **दलवार स्थिति**–ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (AINRC)-12, डीएमके-5, भाजपा-4, TVK-2, निर्दलीय (IND)-3।
- एन रंगास्वामी पुदुचेरी के इतिहास में पाँच बार मुख्यमंत्री का पद सँभालने वाले पहले राजनेता बन गए हैं।
- उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने उन्हें 13 मई, 2026 को पद की शपथ दिलाई।

■ **हाल ही में अमेरिका ने अन्तरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.4 करोड़ डॉलर ( लगभग ₹133 करोड़ ) मूल्य की 657 प्राचीन और ऐतिहासिक कलाकृतियाँ भारत को वापस सौंप दी हैं। मैनहट्टन के जिला अटॉनी एल्विन ब्रैग ने न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में आयोजित एक विशेष समारोह में इन अमूल्य धरोहरों को भारत को आधिकारिक रूप से सौंपा। ये ऐतिहासिक सामग्रियाँ कुख्यात अन्तरराष्ट्रीय आर्ट डीलर व मूर्ति तस्कर सुभाष कपूर और उसकी सहयोगी नैंसी वीनर के अन्तरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह की लंबी जाँच के बाद बरामद की गई थीं।**

■ **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा दो नई सेमीकंडर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी–**

मई 2026 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (ISM) के तहत गुजरात में ₹3.936 करोड़ के निवेश से दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही मिशन के तहत कुल स्वीकृत परियोजनाएँ 12 और कुल निवेश ₹1.64 लाख करोड़ पहुँच गया है।

**स्वीकृत की गई दो नई इकाइयों का विवरण**

- **क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड (CML)**–यह धोलेरा (गुजरात) में स्थापित होगी। यह गैलियम नाइट्राइट (GaN) तकनीक पर आधारित भारत की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले सुविधा होगी, जिसका उपयोग स्मार्टफोन, टीवी व कार डिस्प्ले में होगा।
- **सूची सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड (SSPL)**–यह सूरत (गुजरात) में स्थापित होने वाली एक उन्नत आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (OSAT) सुविधा है। यह प्रति वर्ष 103.3 करोड़ से अधिक चिप्स का उत्पादन व परीक्षण करेगी।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एफएओ के 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किया गया–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वैश्विक खाद्य सुरक्षा, कृषि विकास और टिकाऊ खेती के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किया गया है।

## 'ताइवान ट्रैवलॉग' पुस्तक को इंटरनेशनल बुकर प्राइज 2026 मिला–

- ताइवानी लेखिका यांग शुआंग-जी द्वारा लिखित और लिन किंग द्वारा अंग्रेजी में अनूदित उपन्यास 'ताइवान ट्रैवलॉग' को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल बुकर प्राइज 2026 का विजेता घोषित किया गया है। इस पुस्तक का अनुवाद लिन किंग (अनुवादक) ने किया है।
- इसमें पुरस्कार राशि 5000 यूरो (लगभग ₹53 लाख), जिसे नियम के अनुसार मूल लेखिका और अनुवादक के बीच बराबर-बराबर (50 : 50) साझा किया जाएगा।
- इस पुस्तक को यूके के एक प्रसिद्ध स्वतंत्र पब्लिशर 'एंड अदर स्टोरीज' द्वारा प्रकाशित किया गया है (इस पब्लिशर की पुस्तकों ने लगातार दूसरे वर्ष यह पुरस्कार जीता है)।

## जेनेज़ जान्शा स्लोवेनिया के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए–

हाल ही में जेनेज़ जान्शा स्लोवेनिया के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए हैं। वे स्लोवेनियन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेता हैं। यह इनका प्रधानमंत्री के रूप में चौथा कार्यकाल होगा (इससे पहले ये 2004-2008, 2012-2013 और 2020-2022 में भी पीएम रह चुके हैं)।

इन्होंने रॉबर्ट गोलोब का स्थान लिया है, जिनकी 'फ्रीडम मूवमेंट' पार्टी के चुनाव के बाद बहुमत साबित करने में असमर्थ रही।

## रोहित जैन आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर बने–

मई, 2026 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के कार्यकारी निदेशक रोहित जैन को केन्द्र सरकार द्वारा नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने उनकी इस नियुक्ति को मंजूरी दी है।

- उन्होंने टी. रबी शंकर का स्थान लिया है, जिनका विस्तारित कार्यालय 2 मई, 2026 को समाप्त हुआ है।
- वे 1991 से रिजर्व बैंक में सेवा में है। डिप्टी गवर्नर बनने से पहले दिसंबर 2020 से कार्यकारी निदेशक (पर्यवेक्षण विभाग) के पद पर कार्यरत थे।

## वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भारतीय नौसेना के नए प्रमुख बने–

31 मई, 2026 को वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भारतीय नौसेना के नए प्रमुख नियुक्त किए गए हैं।

- उन्होंने इस पद पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया है, जो 31 मई, 2026 को सेवानिवृत्ति हो गए।
- इस सर्वोच्च पद पर नियुक्त होने से पहले वाइस एडमिरल स्वामीनाथन नौसेना मुख्यालय (नई दिल्ली) में उप-नौसेना प्रमुख के रूप में देश की सेवा कर रहे थे।
- वे 1 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में कमीशन हुए थे।

## मई, 2026 में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को उच्च सदन की 'याचिका समिति' का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने की।

## लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रामणि देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) बने–

केन्द्र सरकार ने एन.एस. राजा सुब्रामणि को भारत का नया चीफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। उन्होंने इस पद पर CDS अनिल चौहान का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 30 मई, 2026 को समाप्त हो गया।

सीडीएस बनने से पहले वे भारतीय सेना के उप-थल सेना प्रमुख के रूप में देश की सेवा कर रहे थे। सीडीएस, सैन्य मामलों के विभाग (DMA) के प्रमुख और रक्षा मंत्री के मुख्य सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल 2026–

- म्यूनिख वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय महिला पिस्टल शूटरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।
- एशियाई चैंपियन ईशा सिंह ने फाइनल में 43/50 का शानदार स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक जीता। ईशा का यह स्कोर महिलाओं की सीनियर और जूनियर श्रेणी में एक नया विश्व रिकॉर्ड है।
- महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक मिला।
- सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 242.1 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 241.2 अंकों के साथ रजत पदक जीता।
- इस स्पर्द्धा का कांस्य पदक दक्षिण कोरिया की चू गाउन को मिला।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## आगामी परीक्षाओं हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




**संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

Join Our App

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com